दिनांकः 25.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए स्वदेशी हथियारों और तकनीक का उपयोग कर सटीक हमले करने के लिए भारतीय सैनिकों की सराहना कीं
- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नया आत्मविश्वास और उत्साह भरा हैं
- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का एक दिवसीय सम्मेलन आज नई दिल्ली में आयोजित किया गयां
- भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कियां
- प्रदेश के पश्चिमी भागों में प्रचण्ड गर्मी और लू का असर जारी – इन क्षेत्रों में अगले 3–4 दिन तेज गर्मी और हीटवेव का दौर जारी रहने के आसारं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया हैं आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस हैं

....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी हथियारों ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई हैं उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को लेकर एक नई ऊर्जा दिख रही हैं श्री मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह कियां प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी ं

..................

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष भी योग दिवस के बारे में दुनियाभर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा हैं प्रधानमंत्री इस वर्ष विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगें प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व मधुमक्खी दिवस भारत में स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का उदाहरण हैं उन्होंने कहा कि 20 मई को वर्ल्ड बी–डे मनाया गयां पिछले 11 वर्षो में मधुमक्खी पालन में भारत में एक स्वीट रिवॉल्यूशन हुआ हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स बहुत सफल रहे और इसमें कुल 26 रिकार्ड बनें उन्होंने राजस्थान सहित तीन शीर्ष राज्य के पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दीं श्री मोदी ने खास तौर पर राजस्थान के एथलीट खिलाड़ी हंसराज का जिक्र कियां

................

प्रधानमंत्री ने कई स्कूलों में लगाए जा रहे शुगर बोर्ड का भी उल्लेख कियां सीबीएसई की इस अनोखी पहल का उद्देश्य हैं बच्चों को उनके शुगर इनटेक के बारे में जागरूक करनां कितनी चीनी लेनी चाहिए और कितनी चीनी खाई जा रही है यह जानकर बच्चे खुद से ही हेल्दी विकल्प चुनने लगे हैं

प्रधानमंत्री ने पेपर वेस्ट और रिसाइक्लिंग का भी जिक्र कियां श्री मोदी ने बताया कि एक टन पेपर की रिसाइक्लिंग से 17 पेड़ कटने से बचते हैं और हजारों लीटर पानी की बचत होती हैं उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे घरों और कार्यालयों में पेपर को अलग करके रिसाइक्लिंग के काम में योगदान करें वहीं प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर प्रदेश में भी खासा उत्साह नजर आयां पाली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और महिला बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम बड़ी स्क्रीन के माध्यम से सुनां जैसलमेर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं, संगठन पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुनां

000

एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का एक दिवसीय सम्मेलन आज नई दिल्ली में आयोजित किया गयां बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कीं इस दौरान सुशासन के मुद्दों पर आयोजित विचार–विमर्श के सत्र में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाग लियां

बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गएं पहले प्रस्ताव में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय रक्षा बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी गई, जबकि दूसरे प्रस्ताव में आगामी जनगणना के लिए केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गईं सम्मेलन में नेताओं ने विभिन्न एनडीए शासित राज्य सरकारों द्वारा अपनाए गए सर्वोत्तम तौर–तरीकों पर भी चर्चा कीं संबंधित राज्य के मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों में की गई पहल पर प्रस्तुतियां दीं बैठक में केंद्र में एनडीए सरकार की पहली वर्षगांठ और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरा होने सहित आगामी कार्यक्रमों पर विचार–विमर्श किया गयां बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मौजूद रहें

000

...............

000

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा है कि भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया हैं दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इसकी कुल कीमत चार ट्रिलियन डॉलर हैं उन्होंने भरोसा जताया कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगां

000

प्रदेश में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता को लेकर निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं की कड़ी में आज पाली के गुंदोज गांव में यात्रा निकाली गई इस रैली में बड़ी संख्या ग्रामीणों ने भाग लियां वहीं बालोतरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा में पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत शामिल हुएं यात्रा में 300 फीट लम्बा तिरंगा आकर्षण का केन्द्र रहां श्री कुमावत ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सीमावर्ती इलाकों के लोगों ने सेना का सहयोग कर मनोबल बढ़ाया हैं

.....................

000

दुनिया भर में आज विश्व थायराइड दिवस मनाया जा रहा हैं थायराइड विकृति के बारे में जागरूकता फैलाने और शुरू में ही इसके निदान और प्रबंधन को प्रोत्साहन देने के लिए यह दिवस मनाया जाता हैं यह दिवस हमें थायराइड संबंधी किसी भी संदिग्ध स्थिति में चिकित्सा सहायता लेने की याद दिलाता हैं

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास करवाया जा रहा हैं साथ ही लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं इसी कड़ी में बाडमेर में आज योग और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गयां

0000

प्रदेश के पश्चिमी भागों में तेज गर्मी और कुछ स्थानों पर लू का असर जारी हैं चूरू में तेज गर्मी और हीटवेव के असर से जनजीवन प्रभावित रहां वहीं बाड़मेर और बालोतरा में भी भीषण गर्मी और लू के हालात रहें मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के पश्चिमी क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों में अगले 3–4 दिन तेज गर्मी और हीटवेव का दौर जारी रहने की संभावना हैं

..................

मौसम विभाग के अनुसार कल भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश होने का पूर्वानुमान हैं पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से अगले चार–पांच दिन राज्य के कुछ भागों में शाम के समय तेज मेघ गर्जन और अंधड़ आने के आसार हैं

000

प्रदेश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने लगे हैं राज्य में पिछले दो दिनों में 7 नये मरीज मिले हैं इनमें से चार जोधपुर के एम्स अस्पताल और तीन जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में मिले हैं स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन मामलो में वायरस के प्रकार की पहचान के लिए जीनोम सिक्वेंसिंग करवाई जा रही हैं मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि फिलहाल पैनिक की स्थिति नहीं हैं उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की हैं

00000

जयपुर जिले में नियमित जनसुनवाई और रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं इसी कड़ी में कालवाड़ तहसील की बेगस ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल लगाई गईं इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अपील पर 128 लोगों ने गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से नाम

हटवाने की सहमति दीं साथ 30 से अधिक लोगों ने पीएम सूर्यघर बिजली योजना का लाभ लेने का संकल्प लियां रात्रि चौपाल में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक मौजूद रहें

000

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्री–डीएलएड परीक्षा के प्रवेश–पत्र जारी कर दिए गए हैं इस परीक्षा का आयोजन एक जून को दो पारियों में होगां अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर दिए लिंक पर फॉर्म संख्या और जन्म दिनांक भरकर प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकेंगें परीक्षा समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी 41 जिलों में होने वाली परीक्षा के 820 केंद्र बनाये गये हैं

000